तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 13 मई 2026


11 ग्रामीणों के घर बैठे बन रहे जरूरी दस्तावेज : कलेक्टर



12 शिक्षा के साथ स्वच्छता और संस्कार जरूरी : पाण्डेय





## खबर संक्षेप

### मटनार में जल जीवन मिशन का काम आधा अधूरा



**जगदलपुर।** बकावंड विकासखंड के ग्राम पंचायत मटनार में जल जीवन मिशन दम तोड़ता नजर आ रहा है। पीचएई विभाग के अधिकारियों और ठेकेदार की लापरवाही से ग्रामीण प्यासे हैं और प्रधानमंत्री का हर घर नल, हर घर जल का सपना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। ग्रामीणों के अनुसार पानी टंकी के लिए चार पिलर और बीम का आधा-अधूरा ढांचा खड़ा कर ठेकेदार काम बीच में छोड़कर फरार हो गया है। एक साल से साइट पर न कोई मजदूर और न इंजीनियर दिखा पड़ रहा है। खुले में पड़े सरिया में बारिश के चलते जंग लग चुकी है। बारिश के दिनों में ढांचा कमजोर हो रहा है। बड़ी चिंता यह है कि आसपास बच्चे खेलते हैं अगर कभी ढांचा गिरा तो बड़ा हादसा हो सकता है। जल जीवन मिशन के तहत मटनार के हर घर तक नल से पानी पहुंचाने का लक्ष्य था। लेकिन टंकी ही न बन पाई तो पाइपलाइन और कनेक्शन की बात दूर की है। आज भी हैंडपंप, नदी और कुएं ग्रामीण अब भी हैंडपंप, नदी और कुएं पर निर्भर हैं।

### सांसद बनने के बाद फूलोदेवी के प्रथम आगमन पर आत्मीय स्वागत



**जगदलपुर।** राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम के बस्तर आगमन पर आसना चौक में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विशाल खम्बारी व ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री रोहित पाणिग्रही के नेतृत्व में आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर, पटाखे फोड़कर, पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं नारों के साथ स्वागत किया। फूलोदेवी ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसका निर्वहन ईमानदारी, निष्ठा एवं समर्पण के साथ करती रहेंगी। उन्होंने कहा कि बस्तर की जनता का विश्वास और स्नेह सबसे बड़ी ताकत है। रोहित पाणिग्रही ने कहा दूसरी बार राज्यसभा सांसद बनना बस्तर क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उनके नेतृत्व से क्षेत्र की आवाज अब राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूती के साथ उठेगी।

**ये रहे उपस्थित:** इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी जगमोहन बघेल, महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष निर्मला कश्यप, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सेठिया, आसना सेक्टर प्रभारी मुदियाराम कश्यप, सावित्री कश्यप, ब्लॉक कांग्रेस सचिव सुजीत मिश्रा, गिरजाशंकर शेष पेज 10 पर

# टाकरागुड़ा में कफन दफन को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर दूर स्थित बड़ांजी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत टाकरागुड़ा में ईसाई मतांतरित व्यक्ति की मृत्यु पर गांव में कफन दफन के मामले को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई है। यह घटना बेलर टाकरागुड़ा के झीटकापारा की है जहां मृत व्यक्ति का नाम पंडरी नाग जाति माड़िया विगत कई वर्षों से ईसाई पंथ का अनुपालन कर रहा था। विवाद की स्थिति तब निर्मित हो गई जब ईसाई मतांतरित लोग मृत व्यक्ति का अंतिम संस्कार ईसाई रीति से गांव के हिंदू मुक्तिधाम में करने की योजना में थे। ग्रामीणों को जब यह जानकारी मिली तो इसका विरोध कर शव को ईसाई कब्रिस्तान में कफन दफन करने कहा गया।

इस मामले में ग्राम पुजारी का कहना है कि हम आदिकाल से ही सनातन एवं प्रकृति पूजक है। हमारे पूर्वज आदिकाल से देवी देवताओं को पूजते आ रहे हैं। परन्तु कुछ वर्षों से कुछ लोग अपनी संस्कृति एवं रूढ़ि परंपरा को छोड़कर पाश्चात्य संस्कृति का पालन कर गांव की परंपरा के विपरीत कार्य करते है। गांव में होने वाले गुड़ी जतरा पूजा में शामिल न होकर इसका विरोध करते हैं एवं गांव में टकराव की स्थिति निर्मित करते हैं। पंचायत सरपंच का कहना है कि हम ग्रामसभा में पारित नियम एवं सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन कर रहे हैं जो कि अपने अपने धर्म के लिए सरकार द्वारा आबंटित कब्रिस्तान पर शव को दफनाने का आदेश देती है।

बजरंग दल के विभाग संयोजक सिकंदर कश्यप ने कहा कि हम ईसाई मिशनरियों के मंसूबों को कतई सफल होने नहीं देंगे। यह मिशनरी शिक्षा चिकित्सा के नाम पर भोले भाले आदिवासी भाई बहनों को बरगलाकर इनका धर्मांतरण कर शोषण करते हैं। उन्होंने कहा इनकी ही भूमि पर चर्च का निर्माण कर इनके पट्टा पर कई प्रकार के ऋण निकालकर उनको हो फंसाने का कार्य करते हैं। ऐसे कृत्य कतई बर्दाश्त योग्य नहीं है। यह जिस भाषा में समझेंगे बजरंग दल उसी भाषा में समझाने का कार्य करेगा।

**बजरंग दल और विश्व हिन्दू परिषद ने ग्रामीणों के साथ मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार का किया विरोध**



### शांतिप्रिय क्षेत्र में फैला रहे अशांति

विहिप के जिला सह मंत्री घनश्याम नाग ने कहा ईसाई मिशनरी बस्तर जैसे शांतिप्रिय क्षेत्र में कुछ न कुछ घटना को अंजाम देते हैं। हमारे आदिवासी बेटियों को प्रेम जाल में फंसाना, जमीन अतिक्रमण, अवैध चर्च का निर्माण कर गांव की रीति नीति को बाधा पहुंचाने का कार्य करते है।

## पहल: वर्षा जल जहां गिरे, जब गिरे, वहीं सहेजें अभियान का आगाज

# बस्तर के दुर्गम पहाड़ों पर सीड बॉल से वनीकरण जल संरचनाओं का बिछाया जा रहा विशाल जाल


हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

अलग खबर

केंद्र सरकार के जल शक्ति अभियान वर्षा जल जहां गिरे, जब गिरे, वहीं सहेजें के आह्वान पर वन विभाग जगदलपुर वन वृत्त के सीसीएफ के मार्गदर्शन एवं बस्तर डीएफओ के नेतृत्व में बस्तर वनमंडल द्वारा जल संरक्षण की एक विशाल कार्ययोजना को धरातल पर उतारा जा रहा है। मानसून के आगमन से पूर्व, वनों के पारिस्थितिक तंत्र को मजबूत करने और भू-जल स्तर को सुधारने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य जारी है। बस्तर वनमंडल ने इस वर्ष जल संवर्धन के लिए तकनीकी रूप से सटीक और विशाल लक्ष्य निर्धारित किए हैं। इसके अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। लगभग 1.8 लाख एससीटी ये खाइयां पहाड़ी ढलानों पर बहते पानी की गति को रोककर उसे जमीन के भीतर समाहित करती हैं। 1.3 लाख लूज बॉल्डर चेकडैम (एलबीसीडी) नालों में पत्थरों के छोटे बांध बनाकर मिट्टी के कटाव को रोका जा रहा है और नमी बरकरार रखी जा रही है। बस्तर की उन दुर्गम और अत्यधिक ढलान वाली पहाड़ियों पर, जहां पारंपरिक वृक्षारोपण संभव नहीं है, विभाग सीड बॉल्स का उपयोग कर रहा है। मिट्टी और खाद के आवरण में सुरक्षित इन बीजों को मानसून की पहली बारिश के साथ पथरीले इलाकों में डाला जाएगा, जो प्राकृतिक रूप से अंकुरित होकर हरित आवरण का विस्तार करेंगे।

- बांध बनाकर मिट्टी के कटाव को रोका जा रहा, 3.1 लाख से अधिक जल संरचनाओं का निर्माण







### सूखी लकड़ियों से जल व मृदा संरक्षण

वनों में सिलविकल्चरल हाइजीन को बढ़ावा देने के लिए जंगलों में गिरी हुई अनुपयोगी सूखी लकड़ियों का रचनात्मक उपयोग किया जा रहा है। ब्रश वुड चेक डैम से सूखी टहनियों से छोटे नालों में बांध बनाकर मिट्टी के बहाव को रोका जा रहा है। कंटूर वुडन बंड में पहाड़ी ढलानों पर लकड़ियों को कंटूर लाइन में व्यवस्थित कर वर्षा जल और मिट्टी के कटाव शेष पेज 10 पर

### वनों को आत्मनिर्भर बनाना

वन विभाग जगदलपुर वन वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि बस्तर की भौगोलिक स्थिति जल संवर्धन के लिए अत्यंत अनुकूल है। विभाग का लक्ष्य वर्षा के जल की हर बूंद को सहेजकर वनों को आत्मनिर्भर बनाना है।

### संजीवनी साबित होंगी सीड बॉल

बस्तर के वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि विभाग का ध्यान केवल निर्माण पर नहीं बल्कि गुणवत्ता पर है। सीड बॉल तकनीक और जल संरक्षण संरचनाएं बस्तर के भविष्य के लिए संजीवनी साबित होंगी। इससे न केवल वनों की उत्पादकता बढ़ेगी, बल्कि वन्यजीवों के लिए ग्रीष्मकाल में भी पेयजल की कमी नहीं होगी। अभियान में स्थानीय वन प्रबंधन समितियों का सक्रिय सहयोग लिया जा रहा है। वन विभाग समस्त नागरिकों से कहा कि वे भी जल संरक्षण की इस मुहिम का हिस्सा बनें।

# कोतवाली के पास बाइक में बैठे- बैठे जवान ने राइफल से खुद को मारी गोली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बीजापुर पुलिस लाइन में तैनात जवान ने बीती रात सर्विस रायफल से स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। कोतवाली के करीब हुई इस घटना के बाद हड़कम्प मच गया। गोली की आवाज सुनकर जवान मौके पर पहुंचे। जब तक उसे अस्पताल ले जाया जाता उसकी मौत हो चुकी थी।

- बीजापुर पुलिस लाइन में तैनात था जवान

जानकारी के मुताबिक घटना सोमवार रात लगभग 9 बजे की बताई जा रही है। जवान दिलीप तेलम बाइक पर बैठा हुआ था, इसी दौरान उसने अपनी सर्विस राइफल कनपटी पर लगाकर गोली चला दी। गोली लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद जवानों और लोगों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस अधिकारियों को दी। घटना के बाद पुलिस एवं सुरक्षा बल के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। दिलीप ने आत्महत्या क्यों कि इसके कारणों का पता नहीं चल पाया है। कोतवाली पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी हुई है। इस घटना के बाद सुरक्षा बलों में शोक का माहौल है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है ताकि आत्महत्या के पीछे की वास्तविक वजह सामने आ सके। मृतक जवान शेष पेज 10 पर

### पारिवारिक कारण हो सकती है सुसाइड की वजह

एडिशनल एसपी चंद्रकांत गर्वना ने बताया कि रात लगभग 9 बजे के रक्षित केंद्र में तैनात आरक्षक दिलीप तेलम ने थाना बीजापुर के समीप अपने इश्यूशुदा राइफल से गोली चलाकर आत्महत्या की है। प्रथम दृष्टया पारिवारिक कारणों से आत्महत्या करने की बात सामने आ रही है। थाना कोतवाली द्वारा प्रकरण में अग्रिम जांच कार्रवाई की जा रही है।

# तेज रफ्तार बस की टक्कर से मार्निंग वाक कर रहे अधेड़ की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित नए पुल के करीब मंगलवार सुबह रायपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार बस के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सुबह मार्निंग वॉक पर निकले अधेड़ को टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

- नए पुल के करीब मंगलवार सुबह घटना को अंजाम देने के बाद चालक हुआ फरार

मामले की विवेचना कर रहे एसआई अरूण मरकाम ने बताया कि इन्द्रावती नदी पर बने नए पुल के करीब सुमीत ट्रेव्हलस की बस क्रमांक सीजी 04 ईए 0632 के चालक ने तेज रफ्तार से बस चलाते हुए सुबह घुमने निकले पुरूषोतम सोनवानी 52 वर्ष निवासी लालबाग को टक्कर मार दी इस हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक



पुरूषोतम सोनवानी प्रतिदिन की तरह सुबह लगभग 4.30 बजे टहलने के लिए घर से निकले थे। इसी दौरान उनके पुत्र को आमागुड़ा चौक में चाय ठेला लगाने वाले अमित साहू ने फोन कर बताया कि नया पुल के पास तुम्हारे पिता को बस के चालक ने टक्कर मार दी है। कोतवाली पुलिस द्वारा शव पंचनामा के बाद पीएम के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज भेजा। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि नए पुल के ऊपर कुछ लोग टहल रहे थे। आसना की शेष पेज 10 पर

# नाबालिग छात्रा पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला

**जगदलपुर।** करपावण्ड थाना क्षेत्र के ग्राम पोटियावण्ड में बीती रात युवक ने नाबालिग छात्रा पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले के बाद आरोपी घटनास्थल से फरार हो गया। हमले में गंभीर रूप से घायल छात्रा को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

- शादी का प्रस्ताव नहीं मानने पर आरोपी ने दिया घटना को अंजाम

जानकारी के मुताबिक ग्राम पोटियावंड में एक 17 वर्षीय 11 वीं कक्षा की छात्रा पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल छात्रा को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले को लेकर पीड़िता के पिता ने थाना करपावंड में लिखित शिकायत देकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस के मुताबिक पोटियावंड निवासी गोविंद राम कश्यप ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उनकी बेटी रत्ना कश्यप कक्षा 11वीं की छात्रा है। रिपोर्ट में उन्होंने बताया कि ग्रामी संघकरमरी निवासी बनमाली सोनी द्वारा पूर्व में शादी का प्रस्ताव रखा गया था जिसे लड़की की कम उम्र होने के शेष पेज 10 पर

## वन मंत्री ने कहा- पीएम मोदी की अपील को गंभीरता से अपनाने की जरूरत

# बेरोजगारी दर में आई कमी, युवाओं के सपने हो रहे साकार : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि प्रदेश सरकार के सुशासन और विकास कार्यों का सकारात्मक असर दिखाई दे रहा है। राज्य में बेरोजगारी दर में कमी आई है और युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं का सपना साकार हो रहा है और राज्य तेजी से विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। राज्य निर्माण के बाद से लोगों के जीवन स्तर में लगातार सुधार हुआ है। सड़क, बिजली, शिक्षा और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर सृजित किए गए हैं। सरकार गांव, गरीब, किसान और युवाओं के हित में निरंतर कार्य कर रही है, जिससे लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है।



कांग्रेस द्वारा मंत्रियों की संख्या कम करने की मांग पर मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि सरकार हमेशा संसाधनों के संतुलित और जिम्मेदार उपयोग के पक्ष में रही है। जहां आवश्यकता होगी, वहीं संसाधनों का उपयोग किया जाएगा। इस विषय पर सरकार गंभीरता से विचार करेगा।

**होगी फॉरेस्ट गार्ड भर्ती परीक्षा :** फॉरेस्ट गार्ड भर्ती परीक्षा को लेकर वनमंत्री ने शेष पेज 10 पर

### प्रधानमंत्री मोदी की बातों को दिनचर्या में अपनाएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वैश्विक परिस्थितियों को लेकर देशवासियों से की गई अपील का समर्थन करते हुए वनमंत्री ने कहा कि उनकी बातों को गंभीरता से अपनी दिनचर्या में अपनाने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आज हर क्षेत्र में मजबूत और आत्मनिर्भर बन रहा है। कांग्रेस द्वारा इस विषय पर की जा रही बयानबाजी पर उन्होंने कहा कि देशहित के मुद्दों पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

## ट्रेन-ऑन-डिमांड : ईस्ट कोस्ट रेलवे 5 समर स्पेशल चलाएगा

# जगदलपुर से सीधे दिल्ली तक 21 को चलेगी ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

गर्मी के मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए ईस्ट कोस्ट रेलवे ने पांच ट्रेन-ऑन-डिमांड समर स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। ये ट्रेनें दिल्ली, हजरत निजामुद्दीन और फरीदाबाद जैसे महत्वपूर्ण गंतव्यों को आपस में जोड़ेंगी। ये स्पेशल ट्रेनें गर्मी की छुट्टियों के पीक सीजन के दौरान आंध्र प्रदेश और ओडिशा से उत्तर भारत की ओर यात्रा करने वाले यात्रियों को यात्रा की अतिरिक्त सुविधा प्रदान करेंगी। ये सभी विशेष ट्रेनों में 22 कोच होंगे, जिनमें 2-जनरल, 18-स्लीपर क्लास कोच और 2-सेकंड क्लास लगेज-सह-दिव्यांगजन कोच शामिल हैं।

- स्पेशल ट्रेनों में 08511/08512 विशाखापत्तनम-दिल्ली- विशाखापत्तनम स्पेशल (भुवनेश्वर-गया-प्रयागराज के रास्ते)
- ट्रेन संख्या 08511 विशाखापत्तनम से 22 मई को 4:15 बजे रवाना होगी और 23 मई को 23:00 बजे दिल्ली पहुंचेगी।
- वापसी में ट्रेन संख्या 08512 दिल्ली से 25 मई को 2:00 बजे रवाना होगी और 26 मई को 17:00 बजे विशाखापट्टनम पहुंचेगी।
- 08513/08514 विशाखापट्टनम-हजरत निजामुद्दीन-विशाखापट्टनम स्पेशल (राजमुंद्री-बल्हारशाह-नागपुर-आगरा कैंट के रास्ते)
- ट्रेन संख्या 08513 विशाखापत्तनम से 21 मई को 17:40 बजे रवाना होगी और 23 मई को 11:40 बजे हजरत निजामुद्दीन पहुंचेगी।
- ट्रेन संख्या 08514 हजरत निजामुद्दीन से 24 मई को 23:55 बजे रवाना होगी और 26 मई को 22:40 बजे विशाखापट्टनम पहुंचेगी।




- 08515/08516 विशाखापत्तनम-फरीदाबाद-विशाखापत्तनम स्पेशल (अराकू-कोरापुट-रायपुर-दुर्ग-नागपुर-आगरा कैंट के रास्ते)
- ट्रेन संख्या 08515 विशाखापत्तनम से 21 मई को 04:15 बजे प्रस्थान करेगी और 23 मई को 08:00 बजे फरीदाबाद पहुंचेगी।
- ट्रेन संख्या 08516 फरीदाबाद से 25 मई को 00:10 बजे प्रस्थान करेगी और 27 मई को 00:45 बजे विशाखापत्तनम पहुंचेगी।
- 08517/08518 विशाखापत्तनम-नई दिल्ली-विशाखापत्तनम स्पेशल (रायगड़ा-संबलपुर-झारसुगुड़ा-बिलासपुर-कटनी-प्रयागराज के रास्ते)
- ट्रेन संख्या 08517 विशाखापत्तनम से 22 मई को 03:30 बजे प्रस्थान करेगी और 23 मई को 22:30 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी।
- ट्रेन संख्या 08518 नई दिल्ली से 25 मई को 01:45 बजे प्रस्थान करेगी और 26 मई को 16:00 बजे विशाखापत्तनम पहुंचेगी।
- 08519/08520 जगदलपुर- हजरत निजामुद्दीन -जगदलपुर स्पेशल (कोरापुट-रायपुर-नागपुर-आगरा कैंट के रास्ते)
- ट्रेन संख्या 08519 जगदलपुर से 21 मई को 11:00 बजे प्रस्थान करेगी और 23 मई को 09:00 बजे हजरत निजामुद्दीन पहुंचेगी।
- ट्रेन संख्या 08520, 25 मई को 02:00 बजे हजरत निजामुद्दीन से रवाना होगी और 26 मई को 23:00 बजे जगदलपुर पहुँचेगी।




## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने वाला आरोपी चंद घंटे में गिरफ्तार



**कोण्डागांव।** महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध अपराधों पर पुलिस लगातार सख्त और त्वरित कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में शादी का प्रलोभन देकर युवती का यौन शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस ने चंद घंटे में गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता ने 11 मई को थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वर्ष 2021 से उसका ग्राम चिपावंड निवासी आरोपी से प्रेम संबंध था। आरोपी ने शादी का वादा कर लगातार शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता के अनुसार आरोपी वर्ष 2025 तक शादी का भरोसा देकर उसका शारीरिक शोषण करता रहा। जब युवती ने शादी की बात की तो आरोपी टालमटोल करता रहा और अंततः शादी से इनकार कर दिया। पुलिस ने आरोपी जयनाथ कोर्राम 23 वर्ष निवासी ग्राम चिपावंड को गिरफ्तार किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा एसडीओपी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी की टीम गठित की गई। पुलिस ने तेजी दिखाते हुए आरोपी को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक रिमांड के लिए न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

टीम का रहा सराहनीय योगदान – कार्रवाई में प्रभारी उप निरीक्षक राजीव गोटा, उपनिरीक्षक अखिलेश धीवर, सहायक उपनिरीक्षक कांति यादव, महिला आरक्षक सोना मरकाम, श्यामा नाग, आर. बुधराम कोर्राम, प्रभु राम नेताम यादव, गौरव यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### कुर्मी समाज की बैठक में मातृशक्ति का सम्मान



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ कुर्मी क्षत्रिय चेतना मंच जगदलपुर इकाई की बैठक हाटगुड़ा स्थित सामाजिक भवन में रविवार को आहूत की गई, जिसमें मातृ दिवस के अवसर पर मातृ शक्तियों का सम्मान किया गया। वहीं संगठन में सदस्य संख्या बढ़ाने और सामाजिक गतिविधियां तेज करने व्यापक चर्चा की गई। शाम बजे प्रारंभ हुई बैठक में सबसे पहले छत्तीसगढ़ राज्यदृष्टा सांसद खूबचंद बघेल की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर समाज के संरक्षक जेपी कौशिक के कहा कि हर समाज के युवकों का दायित्व है कि वह अपने समाज की सांस्कृतिक विशेषताओं को संरक्षित करने तथा सामाजिक संगठन को मजबूती प्रदान करने आगे आएं। युवाओं की तत्परता के बगैर किसी भी समाज को संरक्षण नहीं किया जा सकता इसलिए सामाजिक संगठनों को मजबूती प्रदान करने युवा आगे आएं। मातृ दिवस के अवसर पर बैठक में रुक्मणी कौशिक, सरोज चंद्रा और हेमलता कश्यप को पुष्प गुच्छ भेंट कर समाज पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया है। समाज को और अधिक सक्रिय करने के लिए सदस्यों की संख्या बढ़ाई जाए।

### भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला कार्यकारिणी घोषित

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने चिकित्सा प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी व जिले के सभी तेरह मण्डलों में संयोजकों की घोषणा की है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं संगठन महामंत्री पवन साय के मार्गदर्शन व चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक डा. देवेन्द्र कश्यप के निर्देशानुसार व जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय की सहमति से चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला संयोजक डॉ.वीरेन्द्र सिंह राजपूत ने पदाधिकारियों व मण्डल संयोजको की घोषणा की है। चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला सह संयोजक डी पराशर व आत्माराम जोशी बनायें गये हैं। वहीं जिला कार्यकारिणी सदस्य में डॉ रविप्रताप दुबे, डॉ श्रेयांश जैन, डॉ बसंत कश्यप, डॉ रविन्द्र सिंह ठाकुर, डॉ उपेन्द्र मिश्रा, डॉ घनाराम साहू, गजाधर बैध, अरविन्द करण्डे, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, निकेश देवांगन, विवेक भोजवानी, राजेश दास, वासुनाथ सेन, श्रीनिवास राव, चन्दनलाल चक्रवर्ती, मंगीलाल ठाकुर, दीपांकर मण्डल, अजय श्रीवास्तव, वीके पाण्डेय, खिलावन साहू, डॉ सुपर्ण कोष्ठा साल,आलोनंदी शामिल हैं। वहीं जिले के सभी तेरह मण्डलों में संयोजक बनायें गये हैं। जिसमें भानपुरी मण्डल में डॉ प्रेमनाथ बघेल, बस्तर जोगेश्वर साहू, करपावण्ड अजय आचार्य, बकावण्ड विपुल विश्वास, सरगीपाल डॉ नारायण पंत, लोहण्डीगुड़ा रतुराम सेठिया, दरभा ए के विश्वास, तोकापाल जयराम राणा, बास्तानार डॉ गुलाब प्रधान, नानगुर मनोज ठाकुर, नगरनार डॉ चैतराम रजक, जगदलपुर पूर्वी विनोद श्रीवास्तव व जगदलपुर पश्चिम प्रशांत सरडे संयोजक नियुक्त किये गये हैं।

---

**माड़ बचाओ अभियान:** नारायणपुर पुलिस, डीआरजी, एसटीएफ, आईटीबीपी एवं बीएसएफ की संयुक्त कार्रवाई

# एक करोड़ कैश के साथ तीन एके 47, तीन एसएलआर मैगजीन, विस्फोटक सामग्री व नक्सल साहित्य बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर









जिले में माड़ बचाओ अभियान में एक करोड़ से अधिक कैश, तीन एके 47, तीन एसएलआर, मैगजीन, विस्फोटक सामग्री, नक्सल साहित्य सहित दैनिक उपयोग व अन्य सामाग्रियां बरामद की गईं हैं। नारायणपुर पुलिस, डीआरजी, एसटीएफ, आईटीबीपी एवं बीएसएफ़ की संयुक्त कार्रवाई, ग्रामीण के सहयोग व सुदृढ़ सूचना तंत्र से एक माह में यह सफलता हासिल की गई।

पुलिस अधीक्षक नारायणपुर रोबिनसन गुड़िया ने जानकारी दी कि आज की कार्रवाई के बाद वर्ष 2025-26 में जिले में कुल 270 हथियारों की रिकवरी हुई है। यह आँकड़ा बताता है कि क्षेत्र में विश्वास, शांति और विकास की प्रक्रिया लगातार गति पकड़ रही है। भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुसार 31 मार्च 2026 तक सम्पूर्ण राज्य को नक्सल मुक्त घोषित करने के लक्ष्य के अनुरूप, जिला नारायणपुर में पुलिस द्वारा "माड़ बचाओ अभियान" के तहत विशेष नक्सल उन्मूलन अभियान निरंतर चलाया गया। विगत एक महीने तक जिला नारायणपुर पुलिस, डीआरजी, आईटीबीपी एवं बीएसएफ़ के संयुक्त दलों द्वारा सुदूर एवं संवेदनशील क्षेत्रों में सघन सर्चिंग एवं एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया गया। ग्रामीणों के सक्रिय सहयोग एवं सुदृढ़ आसूचना तंत्र के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए डम्प का पता लगाकर कार्रवाई की गई।

- एक माह तक क्षेत्र में चलाया गया सर्च अभियान
- ग्रामीणों के सहयोग एवं सुदृढ़ सूचना तंत्र भी आया काम

जिला नारायणपुर में तैनात सुरक्षा बलों को ग्रामीणों के सहयोग एवं सुदृढ़ आसूचना तंत्र के आधार पर संचालित संयुक्त कार्यवाही में आज उल्लेखनीय और निर्णायक सफलता प्राप्त हुई है। इस अभियान के दौरान विभिन्न प्रकार के 28 हथियार बरामद किए गए, साथ ही जिंदा राउंड गोला-बारूद जब्त किए गए। यह कार्रवाई नारायणपुर पुलिस, डीआरजी, आईटीबीपी एवं बीएसएफ़ के संयुक्त प्रयासों से हासिल की गई। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने और नक्सल गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।





एसपी रोबिनसन गुड़िया ने बताया कि संयुक्त कार्यवाही में कुल 1 करोड़ 1 लाख 64 हजार कैश, एके-47, एसएलआर, इंसास, 303 रायफल एवं इनके कारतूस ,बीजीएल सेल ,इलेक्ट्रॉन डेटोनेटर, कॉर्डेक्स वायर, नक्सल वर्दी, बैटरी एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किया गया है। नक्सलियों की लॉजिस्टिक, हथियार आपूर्ति एवं आईईडी निर्माण क्षमता को गंभीर आघात पहुंचा है। यह सफलता नक्सल उन्मूलन अभियान में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। जिला नारायणपुर पुलिस द्वारा भविष्य में भी इसी प्रकार के अभियान लगातार जारी रखे जाएंगे। पुलिस, डीआरजी और केंद्रीय सुरक्षा बलों की संयुक्त कार्रवाई, मुस्तैदी और बलिदान के फलस्वरूप जिला नारायणपुर नक्सलमुक्त हो रहा है। मारे गए नक्सलियों के द्वारा अबूझमाड की जंगलों में छिपाए गए हथियार, विस्फोटक पदार्थ और दैनिक उपयोग की वस्तुएं मिलने की संभावना है। अतः आम जनता एवं ग्रामीणों से अपील है कि वे सुरक्षा बलों का सहयोग करते हुए संदिग्ध सामग्रियों की सूचना पुलिस एवं केन्द्रीय बल को अवश्य दें।

#### जनसहयोग से रिकवर हथियार, गोला-बारूद व अन्य सामग्रियां

1. एके 47 रायफल - 03 नग
2. एसएलआर रायफल - 03 नग
3. 303 रायफल - 02 नग
4. 315 रायफल - 01 नग
5. एके 47 रायफल की मैग्जीन - 05 नग
6. एके 47 रायफल का जिंदा कारतूस - 113 नग
7. एसएलआर रायफल का जिंदा कारतूस - 182 नग
8. एसएलआर रायफल की मैग्जीन - 13 नग
9. इंसास रायफल की मैग्जीन - 01 नग
10. 303 रायफल रायफल की मैग्जीन - 02 नग
11. 303 रायफल का जिंदा कारतूस - 45 नग
12. 315 रायफल की मैग्जीन - 01 नग
13. 315 रायफल का जिंदा कारतूस - 41 नग
14. 12 बोर बंदूक - 02 नग
15. देशी कट्टा - 02 नग
16. 12 बोर का जिंदा कारतूस - 19 नग
17. एयर गन - 01 नग
18. बीजीएल सेल - 132 नग
19. इलेक्ट्रानिक डेटोनेटर - 08 नग
20. कॉर्डेक्स वायर - 06 बंडल
21. मोटोरोला सेट- 01 नग
22. वॉकीटॉकी बॉओफेंग - 06 नग
23 एसएमजी कार्टेज - 12
24 बीजीएल - 02
25.बीजीएल कार्टेज - 14
26.सोरा -5KG लगभग
27.व्हाईट पाउडर -3KG
28.रेडियो सेल - 4 सेट
29.बिजली वायर - 02 बंडल
30.अन्य दैनिक सामग्री

---

## जनदर्शन में लोगों ने मांगा पानी, सीमांकन की रखी मांग



**कोण्डागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रें से पहुंचे नागरिकों की मांगों एवं समस्याओं को सुना।

कलेक्टर ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। माकड़ी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बवई के ग्रामीणों ने चण्डारपारा में नलकूप का पानी सूखने की समस्या बताते हुए नए नलखनन की मांग की। वहीं ग्राम हसलनार के ग्रामीण घस्सुराम बघेल ने भूमि पर कब्जे की शिकायत करते हुए सीमांकन कराने की मांग रखी।

**आंगनबाड़ी और महिला समूह भवन की मांग** – नवलूराम नेताम ने ग्राम तुतारी, ग्राम पंचायत बंधापारा में पुराने आंगनबाड़ी भवन के जर्जर होने की जानकारी देते हुए नए भवन निर्माण की मांग की। श्रीमती पदमादास मानिकपुरी ने कोण्डागांव के तहसीलपारा क्षेत्र में महिला समूह की गतिविधियों के संचालन के लिए भवन निर्माण की मांग रखी। इसके अलावा विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर पहुंचे ग्रामीणों ने अपने आवेदन प्रस्तुत किए, जिन पर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

## सुशासन तिहार में नगरीय क्षेत्रों लगाए जाएंगे शिविर

**कोण्डागांव।** जनकल्याणकारी योजनाओं का शत–प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुशासन तिहार के तहत नगरीय क्षेत्रों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में पात्र हितग्राहियों से आवेदन लेकर मौके पर निराकरण किया जाएगा।

- पात्र हितग्राहियों को मिलेगा योजनाओं का लाभ

नगरीय क्षेत्र कोण्डागांव में 13 मई को विकास नगर सामुदायिक भवन में वार्ड क्रमांक 1 से 22 तक के नागरिकों के लिए शिविर लगाया जाएगा। वहीं 25 मई को चौपाटी ग्राउंड, बंधा तालाब के सामने दूसरा शिविर आयोजित होगा। नगरीय क्षेत्र केशकाल में 13 मई को वार्ड क्रमांक 3 बाजारपारा सुरडोंगर के पास शिविर लगेगा। इसके अलावा 21 मई को वार्ड क्रमांक 13 मूंगबाड़ी शीतला मंदिर के पास शिविर आयोजित किया जाएगा। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे शिविरों में पहुंचकर शासन की योजनाओं का लाभ लें और अपनी समस्याओं का त्वरित समाधान कराएं।

## घर–घर पहुंच रहीं स्वास्थ्य सेवाओं से गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान

**कोण्डागांव।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर शुरू किए गए मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान के तहत बस्तर संभाग के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रें में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावी रूप से पहुंच रही हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर–घर जाकर लोगों का परीक्षण कर रही हैं।

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. चतुर्वेदी के नेतृत्व में जिले में अभियान का सफल संचालन किया जा रहा है। टीमों द्वारा सामान्य जांच के साथ टीबी, कुष्ठ रोग, कुपोषण एवं अन्य बीमारियों की स्क्रीनिंग की जा रही है। अभियान के दौरान एक ग्रामीण परिवार के स्वास्थ्य परीक्षण में कुष्ठ रोग के लक्षण पाए गए। विस्तृत जांच के बाद बीमारी की पुष्टि हुई। इसके बाद परिवार के अन्य सदस्यों की भी जांच की गई, जिसमें संक्रमण के अन्य मामले सामने आए। स्वास्थ्य विभाग ने समय पर दोनों मरीजों का उपचार शुरू कराया। स्वास्थ्य कार्यकर्ता नियमित दवा सेवन भी सुनिश्चित कर रहे हैं, ताकि बीमारी पर शीघ्र नियंत्रण पाया जा सके।



स्वास्थ्य कर्मियों की सक्रिय भूमिका – अभियान में अनुभवी एनएमए लोकेश सोनी एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक मनोज कुमार बघेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान केवल स्वास्थ्य जांच तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बस्तर क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, पेयजल, आवास और आजीविका विकास की दिशा में राज्य शासन की संवेदनशील पहल माना जा रहा है।

## कलेक्टर ने सुशासन तिहार व बस्तर मुन्ने शिविरों की समीक्षा की



**कोण्डागांव।** कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा बैठक में सुशासन तिहार, बस्तर मुन्ने और मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को लंबित आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए।

- लंबित आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान के तहत स्वास्थ्य जांच कार्य में तेजी लाने को कहा। साथ ही सिकल सेल स्क्रीनिंग को प्रभावी ढंग से संचालित करने और आयुष्मान कार्डधारियों को उपचार हेतु कार्ड उपयोग के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। बैठक में बस्तर मुन्ने अभियान के तहत आयोजित ग्राम स्तरीय शिविरों की समीक्षा करते हुए ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों के संतोषजनक निराकरण और शिविरों के बेहतर संचालन पर जोर दिया गया। कलेक्टर ने आधार अद्यतन एवं त्रुटि सुधार कार्यों में विशेष ध्यान देने को कहा, ताकि लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके। साथ ही राजस्व प्रकरणों का समय–सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अविनाश भोई, चित्रकांत चाली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा** – बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम सूर्य घर योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, पोषण अभियान, स्वच्छ भारत अभियान, महतारी वंदन योजना, हर घर जल योजना, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम तथा सड़क सुरक्षा सहित कई योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

## आंधी-बारिश का कहर : बड़ेडोंगर-बेलभाटा मार्ग पर डंगाल गिरने से बाइक क्षतिग्रस्त

**फरसगांव।** क्षेत्र में मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे अचानक मौसम ने करवट ली। तेज बारिश, आंधी और तूफान के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। इसी दौरान ग्राम पंचायत बांगोली निवासी कार्तिक सलाम अपने निजी कार्य से फरसगांव जा रहे थे।

बताया जा रहा है कि बड़ेडोंगर-बेलभाटा मार्ग के पास तेज बारिश से बचने के लिए उन्होंने सड़क किनारे स्थित एक दुकान में शरण ली। तभी सड़क किनारे खड़े एक बड़े पेड़ की भारी डंगाल अचानक टूटकर उनकी बाइक पर गिर गई। जिससे बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि कार्तिक सलाम समय रहते सुरक्षित स्थान पर पहुंच गए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद पेड़ की विशाल डंगाल सड़क पर गिरने से फरसगांव-बड़ेडोंगर मार्ग कुछ घंटे के लिए पूरी तरह बाधित रहा। मार्ग बंद होने के कारण छोटी और बड़ी वाहनों को वैकल्पिक रास्तों से होकर गुजरना पड़ा। अचानक बदले मौसम और यातायात प्रभावित होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मार्ग पर गिरे पेड़ को जल्द हटाने और बारिश के दौरान सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।



## ब्लूप्रिंट प्रशिक्षण शुरू, प्राचार्य–व्याख्याताओं को सुधार लाने मिलेगा शैक्षणिक मार्गदर्शन

**कोण्डागांव।** हाई व हायर सेकेंड्री स्कूलों के परीक्षा परिणामों में आवश्यक सुधार लाने के उद्देश्य से विकासखंड माकड़ी में प्राचार्य एवं व्याख्याता शिक्षकों का 5 दिवसीय ब्लूप्रिंट प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है। यह प्रशिक्षण 12 मई से 16 मई तक स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में भाषा, कला, वाणिज्य एवं कृषि समूह के कुल 117 प्राचार्य और व्याख्याता शिक्षक भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण का आयोजन जिला शिक्षा संस्थान बस्तर एवं जिला शिक्षा अधिकारी कोंडागांव के निर्देशानुसार किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान प्रोजेक्टर और स्लाइड्स के माध्यम से विषयों की सूक्ष्म जानकारी दी जा रही है, ताकि शिक्षक आधुनिक पद्धति से अध्यापन कर विद्यार्थियों के परिणाम बेहतर बना सकें। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर सुखराम देवागंन, ताहिर खान, सखाराम बघेल, इंदुमति सिन्हा, रमेश प्रधान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



**नियमित उपस्थिति के निर्देश** – बीआरसी ताहिर खान ने सभी प्रतिभागी शिक्षकों को प्रशिक्षण के महत्व की जानकारी देते हुए सभी दिवस नियमित रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। प्रशिक्षण में शामिल शिक्षकों के लिए सभी व्यवस्थाएं की गईं हैं।

## पेज 09 के शेष

### बस्तर के दुर्गम पहाड़ों ...

को रोका जा रहा है। बताया जा रहा है कि वन मंडल में पूर्व में निर्मित एससीटी, एलबीसीडी और कंटूर स्टोन बंड के सकारात्मक परिणाम दिखने लगे हैं। इन संरचनाओं के कारण स्थानीय नदी-नालों में जल प्रवाह बढ़ा है और क्षेत्र के जल स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। संरचनाओं में सूखी लकड़ियों और बायोमास का उपयोग करने से वनों का फ्यूल लोड कम होगा। इससे ग्रीष्मकाल में लगने वाली वनाग्नि की तीव्रता में भारी कमी आएगी और पारिस्थितिकी तंत्र सुरक्षित रहेगा।

### कोतवाली के पास बाइक...

की पहचान दिलीप तेलम के रूप में हुई है जो उसूर ब्लॉक के मुर्दोण्डा गांव का रहने वाला था।

### तेज रफ्तार बस...

ओर से आ रही एक यात्री बस के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए युवक को पीछे से ठोकर मार दी। इस घटना के बाद बस चालक मौके से तुरंत फरार हो गया। यात्री बस बहुत तेज गति से आ रही थी और चालक की लापरवाही के कारण यह गंभीर हादसा हुआ। टक्कर लगने के बाद वह सड़क पर गिर गया और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। गौरतलब है कि नए पुल प्रतिदिन दर्जनों लोग टहलने निकलते हैं।

### नाबालिग छात्रा पर...

कारण परिवार ने अस्वीकार कर दिया था। रविवार रात करीब 10 बजे रत्ना किसी फोन कॉल के बाद घर के बाहर गई थी। कुछ देर बाद चीखने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे जहां युवती घायल अवस्था में मिली। परिजनों का आरोप है कि आरोपी बनमाली सोनी ने धारदार हथियार से हमला किया और मौके से फरार हो गया। हमले में युवती के सिर, सीने, गर्दन और हाथों में गंभीर चोटें आई हैं। ग्रामीणों की मदद से उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसका उपचार जारी है। पीड़िता के पिता ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**आरोपी गिरफ्तार :** करपावण्ड थाना प्रभारी शिवानंद सिंह ने बताया कि घटना को अंजाम होने के बाद फरार हो गए आरोपी बनमाली सोनी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिससे पूछताछ चल रही है। बुधवार को उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### बेरोजगारी दर में...

कहा कि अभ्यर्थियों से उनकी चर्चा हो चुकी है और भर्ती प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ रही है। फिजिकल टेस्ट पूरा हो चुका है। व्यापम के माध्यम से दिसंबर या जनवरी तक लिखित परीक्षा आयोजित कराई जा सकती है। प्रदेश के युवाओं को अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

### सांसद बनने के...

पाढ़ी, जय सिंह गोयल, अनिल गडमिया, वेदप्रकाश मौर्य, तुलसी सेठिया, सूरज पुजारी, एनएसयूआई महाविद्यालय अध्यक्ष हंसु नाग, दक्ष साहू, समीर कुमार, देवांश दास, तन्मय चौहान, रेहान रिजवी, दीपांशु, यशवंत पाणिग्रही, सुकलधर गोयल उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पीएम श्री सेजेस बस्तर में एडमिशन के लिए हुई लॉटरी प्रक्रिया



**बस्तर।** पीएम श्री सेजेस बस्तर में कक्षा पहली एवं विभिन्न कक्षाओं में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश हेतु 12 मई को लॉटरी की गई। अतिथियों ने मां सरस्वती की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पगुच्छ अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के प्राचार्य पीआर लाउतरे ने विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। प्राचार्य चंद्रभान मिश्रा ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं की चहुमुखी विकास हेतु पालकों को विद्यालय से जुड़े रहने हेतु प्रेरित किया गया। संरक्षक रामानंद मिश्रा ने कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु समस्त शिक्षकों -शिक्षिकाओं की सराहना की। एसएमडीसी के अध्यक्ष डॉ. राजपूत ने भी समस्त शिक्षकों एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते आने वाले समय में लक्ष्य निर्धारित कर कठिन परिश्रम कर विद्यालय को गौरवान्वित करने हेतु प्रेरित किया।

### राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जिले का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बीजापुर।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सहभागिता हेतु भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा बीजापुर की टीम उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुई। यह दल कलेक्टर एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सह सचिव के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों से राज्य प्रतिनिधि, जिला रेडक्रॉस अधिकारी, काउंसलर शिक्षक तथा जूनियर एवं यूथ रेडक्रॉस के विद्यार्थी बड़ी संख्या में शामिल हुए दल में जिले की विभिन्न जूनियर रेडक्रॉस इकाइयों से चयनित 30 प्रतिभागी शामिल हुए जिसमें 15 बालक एवं पन्द्रह बालिकाएं, प्रतिभागियों के साथ पुरुष काउंसलर आदित्य ठाकुर यदुनाथ कश्यप, पंचराम कुजूर, महिला काउंसलर लक्ष्मी ठाकुर, एंजेलिना दास, शारदा तोड़ेम भागीदारी ली।

# खुले आसमान व पेड़ों की शीतल छांव में ग्रामीणों और पुलिस के बीच जन-संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जन-संवाद कार्यक्रम में नदी पार के ग्राम गोंडमेंटा, मर्रामेटा, पदमेटा, धरमा, घोटपाल एवं बैइल के ग्रामीणों से रूबरू होकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगारमूलक गतिविधियों संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। थाना भैरमगढ़ क्षेत्र अंतर्गत इन्द्रावती नदी पार ग्राम मर्रामेटा में पुलिस प्रशासन द्वारा सिविक एक्शन कार्यक्रम एवं चलित थाना का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमन कुमार झा, एसडीओपी भैरमगढ़ नवीन एक्का, थाना प्रभारी भैरमगढ़ एकेश्वर नाग सहित कार्यपालिक बल के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा त्वरित निराकरण हेतु आवश्यक आश्वासन दिया। वर्षों तक मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहे इस क्षेत्र में नक्सल उन्मूलन के पश्चात अब शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे ग्रामीणों तक पहुँच रहा है। क्षेत्र में सड़कों का विस्तार हो रहा है तथा पुल-पुलियों का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। वर्षों तक माओवादी हिंसा का दंश झेल चुके ग्रामीणों को शांति, विकास एवं सामाजिक एकता का संदेश दिया गया। जवानों की शहादत एवं ग्रामीणों के त्याग को स्मरण करते हुए समझाइश दी गई कि समाज में हिंसा, माओवादी विचारधारा एवं असामाजिक तत्वों के लिए अब कोई स्थान नहीं है। ग्रामीणों से अपील की गई कि वे क्षेत्र में शांति एवं विकास बनाए रखने हेतु एकजुट रहें। अधिकारियों द्वारा युवाओं को शिक्षा, खेल एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से उज्ज्वल भविष्य निर्माण हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामीणों से आग्रह किया गया कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल एवं आंगनबाड़ी भेजें, जहाँ बच्चों को शिक्षा, मध्यान्ह भोजन, स्कूल ड्रेस, पुस्तकें एवं अन्य आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। ग्रामीणों को यह भी समझाइश दी गई कि वे किसी भी प्रकार के बहकावे में न आएँ। मुख्यधारा में लौटे पुनर्वासित माओवादियों द्वारा सम्मानपूर्वक रोजगारमूलक जीवनयापन किए जाने की जानकारी भी साझा की गई।

### इन्द्रावती नदी पार ग्राम मर्रामेटा में सिविक एक्शन कार्यक्रम



**जरूरत के सामान बांटे गए** सिविक एक्शन कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं को क्रिकेट, वॉलीबॉल एवं बैडमिंटन की खेल सामग्री एवं खेल ड्रेस वितरित की गई। महिलाओं को साड़ी, बच्चों एवं युवाओं को खेल सामग्री तथा बुजुर्गों को चप्पल प्रदान कर सहयोग किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उपस्थित ग्रामीणों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए क्षेत्र में शांति, विकास एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## 103 हितग्राहियों को मिला वनाधिकार पत्र

# ग्रामीणों के घर बैठे बन रहे जरूरी दस्तावेज : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

सुशासन तिहार के अंतर्गत गंगालूर में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ऐतिहासिक भीड़ देखने को मिली। ग्राम पंचायत गंगालूर, डोडीतुमनार, गमपुर, पीड़िया, बुरजी, मेटापाल, पुसनार, गोंगला, कमकानार, पदमुर, चेरपाल, पालनार एवं तोड़का सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों ग्रामीणों ने शिविर में पहुंचकर शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लिया।

■ गंगालूर जनसमस्या निवारण शिविर में उमड़े लोग



ग्रामीणों की बड़ी भागीदारी ने शासन-प्रशासन के प्रति बढ़ते विश्वास को दर्शाया।

शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को शासन की योजनाओं से जुड़कर अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। जिला पंचायत सदस्य मैथियस कुजूर ने भी शिविर में स्वास्थ्य जांच कराई और ग्रामीणों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। कलेक्टर विश्वदीप ने शिविर में लगाए गए सभी विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण कर प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली तथा अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने शिविर में ही लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाने के निर्देश भी दिए।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कलेक्टर विश्वदीप ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और आम जनता को सुविधाएं सहज रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सुशासन तिहार आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से सभी विभागों के स्टॉलों का अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी लेने की अपील की।

कलेक्टर ने बताया कि विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज जरूरी हैं। इन्हें जनसमस्या निवारण शिविर एवं बस्तर मुन्ने अभियान के माध्यम से घर-घर पहुंचकर तैयार किया जा रहा है।

उन्होंने श्रम पंजीयन और श्रम कार्ड के लाभों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, पीएम किसान, मातृत्व वंदना, किसान क्रेडिट कार्ड, तेंदूपत्ता संग्रहण तथा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जैसी योजनाओं की राशि सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाती है। इसके लिए बैंक खाता अनिवार्य है और प्रशासन द्वारा शिविरों एवं बस्तर मुन्ने अभियान के माध्यम से खाते खुलवाने का कार्य भी किया जा रहा है।

### पुलिस अधीक्षक ने किया जागरूक

पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने भी शिविर को संबोधित करते हुए ग्रामीणों से शासन की योजनाओं से जुड़ने और प्रशासन के साथ सहयोग बनाए रखने की अपील की।

### सामग्री एवं प्रमाण पत्र वितरित

शिविर में 103 हितग्राहियों को व्यक्तिगत वनाधिकार पत्र वितरित किए गए। वहीं नक्सल प्रभावित दो परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नए मकान की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी गई। इसके अलावा 28 हितग्राहियों को श्रम कार्ड प्रदान किए गए। बस्तर मुन्ने शिविर के दौरान बनाए गए राशन कार्डों का वितरण भी किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा डिजिटल किताब, जाति प्रमाण पत्र, मृदा परीक्षण कार्ड, मत्स्य विभाग द्वारा जाल एवं आईस बॉक्स सहित अन्य उपयोगी सामग्री वितरित कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

### जनप्रतिनिधि और अधिकारी रहे मौजूद

शिविर में जिला पंचायत सदस्य मैथियस कुजूर सहित जिला जनपद एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि गण, जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### शंकरलाल बने पेंशनर फोरम के संभागीय अध्यक्ष



**गीदम।** विभिन्न पेंशनर संघों के द्वारा गठित छत्तीसगढ़ पेंशनर फोरम और एक मांग एक मंच अभियान की संयुक्त बैठक पेंशनर फोरम के प्रांतीय संरक्षक जयनारायण श्रीवास्तव की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के कार्यालय राजधानी में रखी गई। बैठक में अनेक निर्णय लिए गए जिसमें पेंशनर फोरम के तीन संभाग अध्यक्षों के नियुक्ति पर मोहर लगाई गई। शंकरलाल श्रीवास्तव को बस्तर संभाग का अध्यक्ष बनाया गया। शिव श्रीवास्तव राजनांदगांव को दुर्ग संभाग का अध्यक्ष बनाया गया। जबकि सुजान बिंद सरगुजा संभाग के अध्यक्ष होंगे। इसके अलावा राज्य के एक लाख 46 हजार पेंशनरों प्रदेश के प्रतिष्ठित अस्पतालों में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग को लेकर फोरम के संरक्षक श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल वित्त सचिव से मिलेगा। इसी प्रकार से करन सिंह अटेरिया के प्रस्ताव पर दो प्रतिशत महंगाई भत्ता की मांग को लेकर राज्यपाल, मुख्यमंत्री और वित्त सचिव से मिलने का निर्णय लिया गया। न्यायधानी बिलासपुर के संभागीय अध्यक्ष के चयन के लिए उप प्रांतीय संयोजक डॉ. डीपी मनहर और रायपुर संभाग के अध्यक्ष के लिए आर के थवाईत को अधिकृत किया गया। सरगुजा संभाग में पेंशनर फोरम के विस्तार के लिए आगामी 13 -14 मई को संरक्षक सरगुजा संभाग के प्रवास पर रहेंगे। जहां वे 14 में को सेवानिवृत्ति पेंशनरों से भेंट करेंगे। पेंशनर फॉर्म और एक मांग एक मंच अभियान की संयुक्त बैठक आगामी जून माह में जिला जांजगीर मुख्यालय में कराए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रांतीय संयोजक चंद्रिका सिंह जगदलपुर, जितेंद्र सिंह ठाकुर, प्रांतीय प्रवक्ता विद्या भूषण दुबे, यूनुस खान कुरैशी उपस्थित रहे।

## परियोजना चिकित्सालय को स्मार्ट हॉस्पिटल ऑफ द ईयर का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

एनएमडीसी लिमिटेड के बीआईओएम किरंदुल कॉम्प्लेक्स स्थित परियोजना चिकित्सालय को इंटीग्रेटेड हेल्थ एंड वेलबीइंग काउंसिल ने नोवोटेल हैदराबाद कन्वेंशन सेंटर में आयोजित भव्य समारोह में स्मार्ट हॉस्पिटल ऑफ द ईयर पुरस्कार टियर-2/3 शहर श्रेणी से सम्मानित किया गया। यह गौरवपूर्ण पुरस्कार परियोजना की ओर से डॉ. एमवी लाल एवं डॉ. अभिषेक ने ग्रहण किया।

■ आदिवासी क्षेत्रों के लोगों को बेहतर उपचार उपलब्ध करा रहा

यह प्रतिष्ठित सम्मान परियोजना चिकित्सालय ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, आधुनिक तकनीकी सुविधाओं, डिजिटल स्वास्थ्य प्रणाली एवं जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रमाण है। आज परियोजना चिकित्सालय अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं, अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों तथा गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से कर्मचारियों, उनके आश्रितों एवं आसपास के ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों के लोगों को निरंतर बेहतर उपचार उपलब्ध करा रहा है। अमिताभ मुखर्जी अध्यक्ष सहप्रबंध निदेशक की दूरदर्शी सोच एवं डिजिटलीकरण की पहल से परियोजना चिकित्सालय ने आधुनिक एवं स्मार्ट स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित की है। अस्पताल में आईसीयू, एनआईसीयू, सीटी-स्कैन, अल्ट्रासाउंड, एंडोस्कोपी, लेप्रोस्कॉपी, फेको सर्जरी, ब्लड बैंक, कंपोनेंट लैब, आपातकालीन सेवाएं सहित अनेक विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो इसे क्षेत्र के अग्रणी चिकित्सालयों में शामिल करती हैं।

किरंदुल कॉम्प्लेक्स के रविंद्र नारायण अधिशासी निदेशक के कुशल नेतृत्व एवं केएल नागवेणी, उपमहाप्रबंधक मानव संसाधन के मार्गदर्शन में चिकित्सालय के डॉक्टरों, नर्सों एवं पैरामेडिकल स्टाफ ने अपनी मेहनत, सेवा भावना एवं समर्पण से यह उपलब्धि हासिल की है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर परियोजना प्रबंधन, विभागाध्यक्षों, श्रमिक यूनियनों एवं समस्त कर्मचारियों ने परियोजना चिकित्सालय की पूरी टीम को शुभकामनाएं प्रेषित की। यह सम्मान भविष्य में भी उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने हेतु पूरी टीम को प्रेरित करता रहेगा।

## अच्छी गुणवत्ता के पत्तों पर मिलेगा बोनस, बीमा और छात्रवृत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिला वनोपज सहकारी यूनियन बीजापुर द्वारा वर्ष 2026 के तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य की शुरुआत कर दी गई है। जिले के 28 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों में पामेड़ पुजारी कांकेर, उसूर, हीरापुर, चेरामंगी, कोरसागुड़ा, ईलमिड़ी, देपला, भद्राकाली, सकनापल्ली, चेरपल्ली, मददेड़, बंदेपारा, पामगल, धनोरा, संतोषपुर तोयनार, गुदमा, बरदेला, माटवाड़ा, भैरमगढ़, कोडोली, मिरतुर, कुटरु एवं करकेली के अंतर्गत 45 तेंदूपत्ता



लॉटों के 582 फड़ों में संग्रहण कार्य संचालित किया जा रहा है। शासन द्वारा निर्धारित 5.50 रुपए प्रति गड्डी 5500 प्रति मानक बोरा की दर से ग्रामीणों से अच्छी गुणवत्ता के तेंदूपत्तों की खरीदी की जाएगी। समिति ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे चिकने, सपाट, बिना छेद और बिना कटे-फटे अच्छे पत्तों की 50-50 पत्तों की गड्डी बनाकर नजदीकी फड़ में विक्रय करें। अधिक गुणवत्ता वाले तेंदूपत्ता बेचने वाले संग्राहकों को संग्रहण पारिश्रमिक के साथ बोनस का भी लाभ मिलेगा।

इसके अलावा 500 गड्डी से अधिक तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले संग्राहकों को शासन की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। योजना के तहत परिवार के मुखिया की सामान्य मृत्यु पर 2 लाख तथा दुर्घटना मृत्यु पर 4 लाख तक की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

## शिविर में 85 लोगों ने सेहत की करवाई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (एएम/एनएस इंडिया) किरंदुल ने जन सेवा की अपनी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए ग्राम पंचायत हिरोली में एक बड़े स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया ताकि गांव के गरीब और जरूरतमंद लोगों को उनके घर के पास ही बेहतर इलाज मिल सके। इस शिविर की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण जुटने लगे और कुल 85 लोगों ने अपनी सेहत की जांच करवाई। शिविर में आए डॉक्टरों ने 59 मरीजों की बारीकी से जांच की और बीमारी के हिसाब से उन्हें मौके



पर ही मुफ्त में दवाइयां बांटी जिससे ग्रामीणों को शहर जाकर महंगी दवा खरीदने की चिंता से मुक्ति मिली। शरीर के भीतर की बीमारियों को जानने के लिए शिविर में खून की जांच की सुविधा भी रखी गई थी जिसमें 26 लोगों के खून की जांच कर उनके ब्लड प्रेशर, शुगर और मलेरिया की स्थिति का पता लगाया गया। इस नेक काम को पूरा करने में गांव के सरपंच, स्वास्थ्य केंद्र की सीएचओ और गांव-गांव जाकर सेवा देने वाली मितानिन बहनों ने अपना पूरा सहयोग दिया। एएम/एनएस इंडिया की टीम और गांव के इन जागरूक प्रतिनिधियों ने साथ मिलकर यह सुनिश्चित किया कि शिविर में आने वाले हर एक व्यक्ति को सही सलाह और उपचार मिल सके। हिरोली के लोगों ने कंपनी के इस प्रयास की दिल से तारीफ की और कहा कि खेती-किसानी के काम के बीच गांव में ही इस तरह का कैंप लगने से उन्हें बहुत सहारा मिला है। कंपनी के लोगों ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि वे आगे भी इसी तरह गांव के लोगों की सेहत और सुख-दुविधा का ख्याल रखने के लिए ऐसे कैंप लगाते रहेंगे ताकि पूरा क्षेत्र बीमारी मुक्त और खुशहाल रह सके।

## लंबित आवेदनों के शीघ्र निराकरण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के डंकनी सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में जिले के विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने विशेष रूप से सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों, उनकी निराकरण स्थिति तथा लंबित प्रकरणों पर गंभीरता से चर्चा की। उन्होंने



निर्देश दिए कि सुशासन तिहार के अन्तर्गत विभागों को प्राप्त आवेदनों के प्रभावी निराकरण को अधिकारीगण गंभीरता से लेवें क्योंकि शासन स्तर पर इसकी मॉनिटरिंग की जाती है। इसके अलावा शिविर में मंत्रियों के प्रस्तावित निरीक्षण के दौरान हितग्राहियों से जुडे.समस्याओं की गहन समीक्षा की जायेगी।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
मलद्वार संबंधित सभी बीमारियों का ईलाज
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## विभाग आपसी समन्वय के साथ ग्रामीणों को पहुंचाएं लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले में आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित सुशासन तिहार के अंतर्गत आज ग्राम बड़े तुमनार स्थित आम बगीचा परिसर में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का निरीक्षण जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर ग्रामीणों को दी जा रही योजनाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिविर में आने वाले प्रत्येक ग्रामीण की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा शासन की योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं सरल प्रक्रिया के माध्यम से पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जाए।

■ बड़े तुमनार के आम बगीचा में लगा जनसमस्या निवारण शिविर



उन्होंने कहा कि सुशासन शिविर शासन और ग्रामीणों के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है, जिससे लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं।

शिविर में ग्रामीण जन उपस्थित हुए, जिन्होंने आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, श्रम कार्ड, जॉब कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, राजस्व प्रकरण, विद्युत, पेयजल तथा अन्य योजनाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जिला सीईओ ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय स्टॉलों में पहुंचकर हितग्राहियों को दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली तथा अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड निर्माण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा एवं आवास योजनाओं, कृषि विभाग द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड एवं कृषि योजनाओं, खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड तथा श्रम विभाग द्वारा श्रमिक पंजीयन से संबंधित जानकारी एवं सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।

जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने अधिकारियों से कहा कि शिविर का उद्देश्य केवल आवेदन प्राप्त करना नहीं, बल्कि उनका समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए ग्रामीणों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का लाभ लेने एवं अपनी समस्याओं को निःसंकोच प्रशासन के समक्ष रखने की अपील की।

सुशासन शिविर के दौरान जनपद पंचायत सीईओ बलराम ध्रुव, नायब तहसीलदार भादुराम धनकर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

**कार्यालय कलेक्टर जिला बस्तर जगदलपुर**

**// उद्घोषणा//**

रा. प्र. क्र.- 97/अ-4/2025-2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती साक्षी बक्शी पति नवीन बक्शी एवं अन्य 02 निवासी छुई खदान दुर्ग जगदलपुर के द्वारा मोहल्ला भैरमगंजपारा शीट क्र 91 भूखण्ड क्र. 79/2,77/4 क्षेत्रफल 323+1511 वर्गफुट भू-भाटक 5.00 +4.45 रूपये स्थाई पट्टे की भूमि को नवीनीकरण करने आवेदन प्रस्तुत किया गया है प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा/आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 13/05/2026 तक स्वयं या अपने विधिमान्य अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/04/2026 को न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

मुहर — नजूल अधिकारी जगदलपुर

**न्यायालय तहसीलदार बस्तर जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र./क/ब 121/2025-2026

**// उद्घोषणा //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका लखमू कश्यप पिता/पति स्व. पुसऊ कश्यप जाति मुरिया निवासी ग्राम झारतरई द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि उसके स्वयं/पुत्र/पुत्री पिता स्व. पुसऊ कश्यप पिता/पति स्व. गागरा की माता/पिता जन्म/मृत्यु दिनांक 17/08/2016 को ग्राम झारतरई में होना बताते हुए जन्म/मृत्यु होने से जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/महिला/ संस्था को आवेदन पत्र के संबंध में आपत्ति पेश करना हो तो वे नियत तिथि 15/05/2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर — तहसीलदार बस्तर

## खबर संक्षेप

### गांव-गांव में साई राम नाम की गूंज व छायाचित्र की स्थापना



**जगदलपुर।** छापर भानपुरी के गोद ग्राम पुजारीपाड़ा सहित 10 ग्रामीणों में साई नाम के जयकारा लगाते हुए एवं स्वामी का गुणगान करते हैं। स्थानीय नृत्य करते हुए ग्रामीणों ने स्वामी की छायाचित्र एवं संगठन के सदस्यों का भव्य स्वागत करते हुए ग्रामीणों ने अपने-अपने निवास स्थान में स्वामी के छायाचित्र स्थापित किया। श्री सत्य साई सेवा समिति जगदलपुर के गोद ग्राम हल्बाकचोरा में संध्या 6.30 से रात्रि 10 बजे तक ग्रामीणों के घरों में छायाचित्र स्थापित किया गया। दूसरे दिन श्री सत्य साई सेवा समिति पालीभाटा के गोद ग्राम पखना कोगेरा में ग्रामीणों के निवास स्थान पर स्वामी कक्षा चित्र स्थापित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री सत्य साइन सेवा संगठन छत्तीसगढ़ की प्रांतीय संबंध में सेवा शाखा प्रभारी पी. रामा राव, प्रशांति सेवा साधना प्रभारी विजय मिश्रा, प्रांत युवा प्रभारी एस. श्याम सुंदर, प्रशांति सेवा साधना सहायक प्रभारी एम. रवि, राज्य समन्वयक केएस रमैया उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त बस्तर जिलाध्यक्ष संजय वैष्णव, कोंडागांव जिलाध्यक्ष धनराज कुलदीप, समिति संयोजक मुकेश रायकवार, सेवा प्रभारी डी. रामलू राव आदि शामिल रहे।

### महिला फुटबॉल लीग के पहले मैच में डिमरापाल विजयी

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा अयोजित 6 वीं छत्तीसगढ़ महिला फुटबॉल लीग का आयोजन भिलाई एवं रायपुर में 10 मई से 7 जून तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 6 टीम भाग ले रही है। इसमें बस्तर जिला से माता रुक्मणी फुटबॉल क्लब डिमरापाल भाग लेगी। प्रतियोगिता का पहला मैच 10 मई को खेला गया, जिसमें माता रुक्मणी फुटबॉल क्लब डिमरापाल का पहला मैच रायपुर के शेरा फुटबॉल अकादमी से खेला गया। इसमें माता रुक्मणी ने पहले हाफ में 2 गोल कर अपनी टीम को हौसला बढ़ाया, दूसरे हाफ में 4 गोलकर 6 गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई।

## धुरगुड़ा मेला में पहुंचे बस्तर महाराजा







**जगदलपुर।** ग्राम धुरगुड़ा मेला में बस्तर महाराजा कमलचंद्र भंजदेव और भाजपा नेताओं समेत बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए। परंपरा अनुसार देवगुड़ी में पूजा अर्चना की गई। नर्तक दल और आसपास के कई गांव के सिरहा पुजारी ग्राम देवी देवताओं के साथ मेला में पहुंचे। सभी ने देवगुड़ी में पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि की कामना की।

### महापौर ने दिलाई स्वच्छता की शपथ, घर, विद्यालय एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने किया प्रेरित

# शिक्षा के साथ स्वच्छता और संस्कार जरूरी : पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





संस्कार द गुरुकुल स्कूल चिड़ईपदर में सूर्या फाउंडेशन द्वारा आयोजित पर्सनालिटी डेवलपमेंट कैम्प में महापौर संजय पांडेय ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को स्वच्छता, अनुशासन और संस्कारों का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में स्वच्छता के साथ संस्कार विकसित करना, विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना था।

महापौर ने बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और उन्हें अपने घर, विद्यालय एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जीवन जीने का तरीका और एक संस्कार है। जिसे बचपन से अपनाना आवश्यक है। यदि बच्चे प्रारंभ से ही स्वच्छता को अपनी आदत बना लें, तो आने वाले समय में समाज और शहर दोनों स्वच्छ बन सकते हैं।

उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कारों का होना भी आवश्यक है। केवल शिक्षा प्राप्त कर लेना पर्याप्त नहीं बल्कि व्यक्ति के भीतर नैतिक मूल्य, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी का भाव भी होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि शिक्षा के साथ संस्कार न हों तो व्यक्ति गलत दिशा में जा सकता है लेकिन यदि शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार हों तो वही व्यक्ति समाज और देश के लिए प्रेरणास्त्रोत बन सकता है।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता बच्चों से दूर रहने वाली चीज नहीं होनी चाहिए बल्कि यह उनके दैनिक व्यवहार और आदतों का हिस्सा बननी चाहिए। जब बच्चे स्वच्छता अपनाते हैं तब पूरा परिवार उससे प्रेरित होता है और धीरे-धीरे समाज में भी सकारात्मक बदलाव दिखाई देने लगता है। महापौर ने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को केवल पढ़ाई तक सीमित न रखें बल्कि उनमें अच्छे संस्कार, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करें।

कार्यक्रम में बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, कचरा पृथक्करण, प्लास्टिक मुक्त जीवन, साफ-सफाई के महत्व तथा स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। समर कैंप के माध्यम से बच्चों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, अनुशासन, सामाजिक सहभागिता एवं स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने का सराहनीय प्रयास किया गया।

इस अवसर पर हेमंत शर्मा, सचिन द्विवेदी, संस्कार द गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के रतनलाल जैन, अमित जैन तथा हेमलता की उपस्थिति रही।

## गुरु गोविंद सिंह वार्ड में सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य शुरू



- वार्डवासियों ने सांसद, विधायक, महापौर और पार्षद का माना आभार

**जगदलपुर।** गुरु गोविंद सिंह वार्ड में मंगलवार को महापौर संजय पांडे, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन एवं वार्ड वासियों ने पूजा अर्चना कर रोड एवं नाली निर्माण कार्य की शुरूआत की। ग्रीन सिटी में कश्यप के घर के सामने से गोविंदनी विला आरसीसी नाली निर्माण लागत 9 लाख 98 हजार, सड़क पारा मानव संग्रहालय के सामने आरसीसी नाली एवं सीसी सड़क निर्माण 7 लाख 50 हजार एवं फूलों गली एमपीएम हॉस्पिटल के आगे अघहनपुर स्कूल के बाजू में सीसी सड़क एवं आरसीसी नाली निर्माण 3 लाख 50 हजार कुल 20 लाख 98 हजार के विकास कार्य किए जा रहे हैं।

रोड व नाली बनने की शुरूवात होने पर वार्ड वासियों ने विधायक किरण सिंह देव, सांसद महेश कश्यप, महापौर संजय पांडे, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन एवं गुरु गोविंद सिंह वार्ड पार्षद संग्राम सिंह राणा का आभार व्यक्त किया।

महापौर ने कहा नगर निगम के अंतर्गत होने वाले विकास कार्य तेज गति से हो रहे हैं। जनता के मांग के अनुरूप विकास कार्य हो रहे हैं। शहर की तस्वीर बदल रही है। सरकार के नेतृत्व में चौमुखी विकास कार्य हो रहे हैं। विकास अनवरत जारी रहेगा। पार्षद ने कहा वार्ड वासियों की मांगों को पूरा किया गया। लंबे समय से नाली एवं सड़क की मांग थी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष नरसिंग राव, लोक कर्म विभाग सभापति निर्मल पाणिग्रही, स्वच्छता सभापति सुरेश गुप्ता, आवास नियोजन सभापति योगेंद्र पांडे, पार्षद नेहा ध्रुव, संतोष गौर, श्यामसुंदर बघेल, सुरेश कश्यप, वाई.वीं.एस.राव, किशोर कुमार कश्यप, एम. भगत, देवासिस विश्वास, सत्यनारायण जोशी, राजेंद्र नाग,बिलास साहा, देवकी भगत, आरती फिलिप्स, ममता खरे, सब इंजीनियर दिलीप मरकाम, ठेकेदार मुकेश गुप्ता, शांति कुमार शुक्ला सहित वार्ड वासी उपस्थित रहे।

## 2 लाख 41 हजार किसान नहीं बेच पाए धान : खान



- कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता ने सुशासन तिहार में इन किसानों की समस्या को जोड़ने की मांग रखी

**जगदलपुर।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता जावेद खान ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि सुशासन तिहार में प्रदेश के 2 लाख 41 हजार 6 सौ 57 धान बेचने से वंचित किसानों की समस्याओं का निराकरण किया जाए। प्रदेश में कुल 27 लाख 53 हजार पंजीकृत किसान हैं। वहीं इस बार धान खरीदी के दौरान 25 लाख 11 हजार पंजीकृत किसानों ने धान बेचा। सरकार ने धान खरीदी का लक्ष्य 160 लाख मीट्रिक टन रखा था परंतु संपूर्ण पंजीकृत किसानों के धान ना बेच पाने के चलते सरकार 140 लाख मीट्रिक टन धान ही खरीद पाई और सरकार इस बार भी धान खरीदी के अपने लक्ष्य को पूरा नहीं कर पाई। जावेद खान ने सरकार से मांग करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अपना वादा निभाएं और अपने कहे मुताबिक किसानों का एक-एक दाना धान को खरीदें। प्रदेश में इतनी बड़ी संख्या में किसानों का धान ना खरीदना किसानों के साथ विश्वासघात, वादाखिलाफी है। सरकार प्रदेश के ढ़ाई लाख किसानों को कर्ज के बोझ में डालने का कार्य कर रही है। जहां एक किसान धान की पैदावार के लिए सोसायटी से ऋण लेता है। सोसायटी से उधार में खाद-बीज क्रय करता है वो किसान धान ना बिक पाने के चलते कर्ज के बोझ में दबता चला जाता है। आज कहीं ना कहीं छत्तीसगढ़ के 2 लाख 41 हजार 6 सौ 57 किसान धान नहीं बिक पाने के चलते कर्ज के बोझ तले दब चुके हैं। एक तरफ सरकार सुशासन तिहार मना कर प्रदेश की जनता की समस्याओं का निवारण करने का दिखावा कर रही है वहीं ढ़ाई लाख किसानों की धान बिक्री और ऋण की समस्या को इस सुशासन तिहार से दूर रख किसानों के साथ कुठाराघात कर रही है। जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम मांग करते हैं कि सुशासन तिहार के अंतर्गत धान बेचने से चूक गए किसानों की समस्याओं को स्वीकारते हुए सुशासन तिहार में जोड़ें और सभी किसानों का धान खरीदी करें या फिर उक्त किसानों के सोसायटी के ऋण को माफ करने की व्यवस्था बनाएं।



## अपर कलेक्टर, सिविल जज और महापौर को कुटीर उद्योग में बने सामान भेंट



**जगदलपुर।** उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के विद्यार्थी आज अपर कलेक्टर सी. पी बघेल, सिविल जज क्लास-1 अदिति ठाकुर तथा महापौर संजय पांडे से मुलाकात कर उन्हें रागी पापड़, रागी चिप्स, कसावा चिप्स, हल्दी, कॉफी सामग्री भेंट स्वरूप दिए। उन्होंने कुटीर उद्योग तथा स्व सहायता समूह को प्रोत्साहित कैसे किया जाये इस पर विस्तार से चर्चा की।

# अवैध परिवहन करते हुए 2 लाख 21 हजार रुपए का मक्का जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- बिना वैध दस्तावेज के 246 बोरी मक्का को भेजा रहा था आंध्रप्रदेश

बस्तर से आंध्रप्रदेश की ओर बिना वैध दस्तावेज के परिवहन किया जा रहा मक्का मंडी अधिकारियों की जांच में पकड़ा गया। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने वाहन से 246 बोरी मक्का जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत जुर्माना और विभिन्न शुल्क सहित 27 हजार 48 रुपए की वसूली की। सोमवार दोपहर मंडी अधिकारियों को सूचना मिली थी कि एक मालवाहकं वाहन में बड़ी मात्रा में मक्का परिवहन किया जा रहा है। जांच के दौरान वाहन को रोका गया। वाहन लिशिका ट्रेडर्स कोंडागांव का बताया गया। मंडी निरीक्षक वीरेंद्र दिल्लीवार ने बताया कि जांच में वाहन में 246 बोरी मक्का पाया गया। इस मक्का की अनुमानित कीमत लगभग 2 लाख 21 हजार 400 रुपए आंकी गई है। जब वाहन चालक से संबंधित दस्तावेज और वैध मंडी कागजात मांगे गए तो वह आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। यह कार्रवाई केशलूर से तोकापाल जाने वाली सड़क में की गई। वाहन के साथ जब्त किए मक्के का वजन लगभग 123 क्विंटल और अनुमानित कीमत 2.21 लाख रुपए से अधिक बताई गई।



### पांच गुना मंडी शुल्क वसूला

मंडी निरीक्षक ने बताया कि इसके बाद मंडी अधिनियम 1972 के तहत कार्रवाई करते हुए पांच गुना मंडी शुल्क, कृषक कल्याण एवं निराश्रित शुल्क और समझौता शुल्क की राशि वसूली गई। अधिकारियों ने मौके पर ही 27 हजार 48 रुपए की वसूली कर प्रकरण दर्ज किया। अधिकारियों का कहना है कि मंडी शुल्क चोरी और अवैध परिवहन रोकने के लिए लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है।



## मेडिकल कॉलेज में धूमधाम से मना नर्सेस डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- मरीजों में बिना किसी भेदभाव के साथ ही सेवा करने का लिया संकल्प

मेडिकल कालेज हो या हॉस्पिटल, सीएससी या पीएचसी में मरीजों के लिए 24 घंटे दिन रात सेवा करने वाली स्टाफ नर्सेस-डे मंगलवार को धूमधाम से मेडिकल कॉलेज डिमरापाल के ऑडिटोरियम में मनाया गया। स्टाफ नर्स ने एक साथ केक काटने के साथ मरीजों में बिना किसी भेदभाव के साथ ही सेवा करने का संकल्प भ्लिया। बताया जा रहा है कि 12 मई को आधुनिक नर्सिंग की जनक फ्लोरेंस नाइटिंगल की याद में उनकी जयंती पर दुनिया भर में नर्स डे मनाया जाता है। आज का दिन स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र के नर्सिंग कर्मियों को समर्पित है। स्वास्थ्य क्षेत्र एवं चिकित्सा कार्यों मे नर्सेज के बेहद महत्वपर्ण योगदान के सम्मान में विश्व भर में नर्सेज डे मनाया जाता है। आज नर्सों के सेवाभाव को सलाम किया जाता है। पहली बार अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस 1974 में मनाया गया था। इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ नर्सेस ने तय किया कि हर साल 12 मई को यह दिन मनाया जाएगा।

### 3 परिवारों को 12 लाख की सहायता

जगदलपुर। कलेक्टर आकाश छिकारा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा से पीड़ति 3 परिवारों को चार-चार लाख रूपए के मान से कुल 12 लाख रुपये की सहायता राशि की स्वीकृति दी है। जिसके तहत तहसील बस्तर के ग्राम भोंड निवासी सुशांत मौर्य की सर्पदंश से हुई मृत्यु के पश्चात उनके पिता फूलचंद मौर्य तथा ग्राम झारतरई निवासी सिद्धार्थ कश्यप की गाज गिरने से मृत्यु होने के कारण पिता हाड़ीराम कश्यप को चार-चार लाख रुपए और ग्राम भोंड निवासी रूकनी कश्यप की सर्पदंश से हुई मृत्यु के पश्चात पुत्र अस्तुराम कश्यप एवं पुत्र रनूराम कश्यप को सयुंक्त रूप से चार लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### सांसद फूलोदेवी का स्वागत



**जगदलपुर।** राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम के नगर आगमन पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में महिला कांग्रेस की पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जोशिला स्वागत किया। इसके पश्चात राजीव भवन में कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात के बाद विचार विमर्श हुआ। सांसद ने कहा कि पार्टी की मजबूती के साथ केंद्र और राज्य में बैठी सरकार की जनविरोधी योजनाओं का तीव्र विरोध करें। उन्होंने कहा दोनों सरकारें वादाखिलाफी के साथ गरीब तपकों के भलाई के लिए काम नहीं कर रही है। ऐसे में विपक्ष में होने के कारण हमें जनता के बीच जाकर उनके साथ खड़े रहकर सरकार का विरोध करना है। इस मौके पर बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

### भाजयुमो की जिला कार्यकारिणी टीम घोषित

# आलेखराज, आनंद, अभिषेक और विकास को उपाध्यक्ष का दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी ने भाजपा युवा मोर्चा बस्तर जिला की नवीन जिला कार्यकारिणी टीम की घोषणा कर दी है। साथ ही जिले के सभी तेरह मण्डलों के भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्षों के नाम घोषित किये गये हैं। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व संगठन महामंत्री पवन साय की अनुमति और युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगीराज टिकरिया की अनुशंसा से जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने आज नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की है।

जिला अध्यक्ष अभिलाष यादव, जिला महामंत्री रामप्रसाद मौर्य व सत्यम झा की घोषणा पूर्व में हो गयी थी। नवीन कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष जीवनाथ मौर्य, आलेखराज तिवारी, आनंद झा, विकास पात्रो, अभिषेक तिवारी व भरत ठाकुर बनायें गये हैं। जिला मंत्री विनोद पाण्डेय, डिकेश नाग, मयंक दीवान, विमल पाण्डेय, सोमप्रकाश जोशी व अनुष्का साहू बने हैं। कोषाध्यक्ष कृष्णा निषाद, सह कोषाध्यक्ष राहुल सोनी नियुक्त हुए हैं। मीडिया प्रभारी रोहन घोष, सह मीडिया प्रभारी मोरध्वज सेठिया, सोशल मीडिया प्रभारी अमित कपूर, सह सोशल मीडिया प्रभारी तमिश नायडू व पंकज राठौर को बनाया गया है। कार्यालय मंत्री विवेक साहू, प्रशिक्षण प्रमुख परेश ताटी, स्वास्थ्य प्रमुख प्रतीक नायडू, विक्रम सिंह ठाकुर व दीपक पाण्डेय, कन्या शक्ति नुपुर समदार, काजल वर्मा, तेजस्वी घोष को बनाया गया है। आईटी सेल प्रभारी मुकेश शर्मा,जशवंत जोशी, जितेन्द्र बाकड़े, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख मनी विक्रम नायडू व राज देवांगन,नीति एवं अनुसंधान रवि शर्मा व रवि नेताम,खेल एवं कला प्रभारी शरद श्रीवास्तव और मन की बात प्रभारी प्राचीन तिवारी बने हैं।





### 13 मण्डल अध्यक्षों के नाम

जिले के तेरह मण्डलों में भाजयुमो के मण्डल अध्यक्षो में बस्तर मण्डल में योगेश चंदेल, करपावण्ड तुलसीराम भारती, बकावण्ड भगत सोनी, तोकापाल शिव सूर्यवंशी, बास्तानार रुपाराम मुचाकी, नानगुर नरेंद्र पाण्डेय, सरगीपालखगेश्वर कर्मा, भानपुरी ओम कश्यप, दरभा दिनेश पाण्डेय, जगदलपुर पश्चिम अनिमेष सिंह चौहान, जगदलपुर पूर्वी रमेश नायडू, लोहण्डीगुड़ा अध्यक्ष शिवनंदन पेगड़ व महामंत्री लखन ठाकुर और नगरनार अध्यक्ष रुपेश समरथ व महामंत्री सुनील नाग को बनाया गया है।

जिला अध्यक्ष ने नवनियुक्त पदाधिकारियों व कार्यकारिणी से संगठन को मजबूत बनाने व पार्टी की रीति नीति को आगे बढ़ाते हुए सक्रियता से कार्य करने की अपेक्षा की है।

